Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding problem of wild animals in Hilly areas of Uttarakhand.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं आपके माध्यम से माननीय वन मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा । पर्वतीय क्षेत्रों में जो जंगली जानवर हैं, उनके द्वारा बहुत नुकसान हो रहा है । इसके कारण जनता वहां से पलायन कर रही है । उत्तराखंड प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी जिलों में सूअर, भालू, बंदर, नीलगाय आदि के द्वारा बागवानी एवं कृषि उपज को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके कारण वहां के लघु सीमान्त किसान कृषि कार्य को छोड़कर अन्य रोजगार की तरफ जाने को मजबूर हो गए हैं । इस क्षति को रोकने के लिए सरकार द्वारा पर्वतीय जिलों में कृषि एवं बागवानी को बचाने के लिए व्यवस्था की जाए तथा बाड़ आदि बनाने की नीति पर काम किया जाए, विशेषकर बंदरों के लिए । आज बंदरों के कारण स्थिति यह हो गई कि वे चौके-चूल्हे तक घुसने लग गए हैं । वे प्रेशर कुकर को भी खोल देते हैं । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप लोग थोड़ा घड़ी पर भी ध्यान रखें ।